# सुविधा: शहर के 110 वार्डों से जुड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

**अच्छी खबर**

**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

दीपावली पर मंडलायुक्त ने आम जनता को ई-बसों की सुविधा का तोहफा दिया है। मंगलवार सुबह दस बजे दुबग्गा सिटी बस डिपो से इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किया गया। मंडलायुक्त समेत अन्य अफसरों ने दुबग्गा से पॉलीटेक्निक तक टिकट लेकर सफर किया। मंडलायुक्त रंजन कुमार ने कहा कि लखनऊ के 110 वार्डों को एसी इलेक्ट्रिक बसों से जोड़ा जाएगा।

नगरीय परिवहन निदेशालय के अफसरों की मौजूदगी में दुबग्गा से पॉलीटेक्निक होकर कमता बस अड्डे तक जाने वाली ई-बस नंबर 801 को रवाना किया गया है। ये बसें रोजाना दुबग्गा बस डिपो से सुबह छह बजे रवाना होगी। दुबग्गा से पॉलीटेक्निक, अवध बस स्टेशन होते गोमतीनगर के विराजखंड बस स्टाप होकर वापसी जाएगी। इस रूट पर 10 बसें लगी हैं। सेवाएं रात दस बजे तक मिल सकेगी।

## इन रूटों पर चलेंगी

- दुबग्गा से चारबाग, महानगर, गुडंबा, इंट्रीगल विवि होकर टिकैटगंज तक।
- दुबग्गा से चारबाग, हजरतगंज, अहिमामऊ होकर गोसाईगंज तक।
- कैसरबाग, पक्कापुल, मड़ियांव, इंजी. कॉलेज होकर रामराम बैंक तक।
- दुबग्गा से बालागंज होते भिठौली, इंजी. कॉलेज होकर गोमतीनगर तक।
- दुबग्गा से कैसरबाग होकर चौक, मेडिकल कॉलेज, काकोरी होकर मलिहाबाद तक।
- दुबग्गा से चौक होकर जेहटा, माल होकर बरगादिया तक

**लखनऊ के हिस्से में 60 बसें आई**

यूपी को फेम टू इंडिया के तहत पहली खेप में 60 इलेक्ट्रिक बसें लखनऊ के हिस्से में आई। इन बसों को छह विभिन्न रूटों पर चलाया जाएगा। गौरतलब है कि नगरीय परिवहन मंत्री गोपाल टंडन ने एसी बसों का किराया एक साल तक साधारण बसों के बराबर लिए जाने की घोषणा की थी।